जटाधारी बनके त्रिपुरारी बनके चले आना

जटाधारी बनके त्रिपुरारी बनके चले आना,
भोले चले आना, चले आना...

तुम ओघड रूप में आना,
भूत साथ लेके
मुंड हाथ लेके चले आना....
जटाधारी बनके......

तुम भंगिया रूप में आना
जोला हाथ लेके
भंग साथ लेके चले आना....
जटाधारी बनके......

तुम जोगिया रूप में आना
डमरू हाथ लेके
नंदी साथ लेके चले आना...
जटाधारी बनके.....

तुम मोहिनी रूप में आना
गंगा साथ लेके
चंदा माथ लेके चले आना...
जटाधारी बनके.....

तुम भोले रूप में आना
गोरा साथ लेके
त्रिशूल हाथ लेके, चले आना....
जटाधारी बनके....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11640/title/jatadhari-banke-tripurari-banke-chale-aana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |